न्यायालय उपखण्ड अधिकारी एवं सहायक कलेक्टर फूलियाकलां जिला भीलवाडा
पीठासीन अधिकारी— श्री भंवरलाल कांसोटिया, आर.ए.एस.

प्रकरण सं0 —	तारीख दायर	तारीख फैसला
26 / 2018 / प्रार्थना पत्र	08.02.2018	28.02.2018

उनवान

घीसी पत्नि अलादीन नीलगर निवासी कोठियॉ तह0 फूलियाकलां

— प्रार्थिया

बनाम

1— सलीम पिता सुवा पिनारा निवासी कोठियॉ तह0 फूलियाकलां
2— सांवरा पिता रामा बैरवा निवासी कोठियॉ तह0 फूलियाकलां
3— राधा पत्नि कल्याण बैरवा निवासी कोठियॉ तह0 फूलियाकलां
4— लादूलाल पाटनी निवासी कोठियॉ तह0 फूलियाकलां

— विपक्षीगण

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा— 128 एल0आर0एक्ट

उपस्थित :— श्री राजेश वर्मा : अधिवक्ता प्रार्थिया

निर्णय

प्रार्थिया ने प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा — 128 एल0आर0एक्ट विरूद्व विपक्षीगण के प्रस्तुत किया जिसके संक्षेप में तथ्य इस प्रकार से है, ग्राम कोठियॉ पटवार हल्का कोठियॉ तहसील फूलियाकलां मे प्रार्थिया की खातेदारी अधिकार की खाता संख्या 267 आ0न0 214 रकबा 0.50 है, आ0न0 218 रकबा 0.14 है0, आ0न0 4893 / 214 रकबा 0.01 कुल किता 03 रकबा 0.65 है0 स्थित है। पेरा नं0 1 मे वर्णित आराजीयात की सीमाओं के विपक्षीगण नं0 1 व 4 पड़ोसी होने से आये दिन फसल काश्त करते समय व फसल काटते समय मौके पर विवाद करते है। अतः निवेदन है कि पैरा नं0 1 मे वर्णित आराजी की मुस्तकिल निशान से पत्थरगढ़ी किये जाने का आदेश बक्षाते हुए प्रार्थिया की भूमि की चारों सीमाओं पर मुस्तकिल निशान लगाये जाने का आदेश बक्षावे।

प्रकरण पंजीबद्व किया जाकर विपक्षीगणों को जरिये सम्मन तलब किया गया। दिनांक 28.02.2018 को अप्रार्थी संख्या 1 लगायत 4 का सम्मन बाद तामील प्राप्त हो जाने पर भी उपस्थित नही हुये। अतः दिनांक 28.02.2018 को विपक्षी संख्या 1 लगायत 4 के विरूद्व एक तरफा कार्यवाही की गई। प्रार्थिया के अभिभाषक ने बहस करनी चाही जिससे उनकी एक तरफा बहस सुनी गई। बहस मे अभिभाषक प्रार्थिया ने प्रार्थना पत्र मे अंकित तथ्यों एवं दस्तावेजात के आधार पर प्रार्थना पत्र स्वीकार किये जाने हेतु निवेदन किया। बहस पर मनन एवं दस्तावेज का अवलोकन किया गया। जमाबन्दी ग्राम कोठियॉ पटवार मण्डल कोठियॉ संवत 2072 से 75 के खाता संख्या 267 आ0न0 214 रकबा 0.50 है, आ0न0 218 रकबा 0.14 है0, आ0न0 4893/214 रकबा 0.01 कुल किता 03 रकबा 0.65 है0 की प्रार्थिया खातेदार काश्तकार दर्ज रेकार्ड है अतः उक्त आराजी की पत्थरगढ़ी के आदेश दिया जाना उचित समझता हूँ :–

आदेश

प्रार्थिया द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 128 एल0आर0एक्ट विरूद्व विपक्षीगण के स्वीकार किया जाकर वाके ग्राम कोठियॉ पटवार हल्का कोठियॉ तहसील फूलियाकलां मे प्रार्थिया की खातेदारी अधिकार की खाता संख्या 267 आ0न0 214 रकबा 0.50 है, आ0न0 218 रकबा 0.14 है0, आ0न0 4893/214 रकबा 0.01 कुल किता 03 रकबा 0.65 है0 की प्रार्थिया के खातेदारी आराजीयात की पत्थरगढ़ी अन्य किसी न्यायालय मे प्रकरण जैरकार होकर स्थगन आदेश आदि न हो तो पक्षकारान की मौजूदगी मे ऑफ सीजन मे पत्थरगढ़ी किये जाने हेतु तहसीलदार फूलियाकलां को 300/– (अक्षरे तीन रूपये मात्र) की कमीशन राशि पर कमिश्नर नियुक्त किया जाता है। कमीशन राशि मौके पर प्रार्थिया से प्राप्त करे। निर्णय प्रति पालनार्थ तहसीलदार फूलियाकलां को भेजी जावे। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो।

आदेश आज दिनांक 28.02.2018 को विवृत न्यायालय मे सुनाया गया।

(भंवरलाल कांसोटिया)
आर0ए0एस0
उपखण्ड अधिकारी एवं
सहायक कलक्टर, फूलियाकलां (भीलवाडा)

उपखण्ड अधिकारी एवं
सहायक कलक्टर
फूलिया कलॉं,जिला–भीलवाड़ा

प्रतिलिपि :– तहसीलदार, फूलियाकलां पास भेजकर लेख है कि मुताबिक आदेश पक्षकारान की मौजूदगी मे नियमानुसार पत्थरगढ़ी की जाकर पालना रिपोर्ट शीघ्र भिजावे।

उपखण्ड अधिकारी एवं
सहायक कलक्टर, फूलियाकलां (भीलवाडा)

उपखण्ड अधिकारी एवं
सहायक कलक्टर
फूलिया कलॉं,जिला–भीलवाड़ा